Navodhaya Times Date 10.06.2023

ड्रग्स कारोबारियों की आएगी शामत

पुलिस चला रही विशेष अभियान

■ 12 से 26 जून तक ड्रग्स को लेकर दिल्ली पुलिस का अभियान

नई दिल्ली,9 जून (नवोदय टाइम्स): ड्रग्स को लेकर दिल्ली पुलिस शुरू से ही गंभीर रही है। युवा ड्रग्स की तरफ नहीं जाएं और क्राॅइम की दुनिया से हटें इसके लिये दिल्ली पुलिस कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चला रही है। ड्रग्स और अवैध तस्करी को लेकर कई ऑपरेशन भी चला रखे हैं। जिसके तहत आरोपियों को पकड़ा भी जा रहा है। आने वाले 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ इस अंतराष्ट्रीय दिवस से पहले दिल्ली पुलिस 12 से 26 जून के बीच में कई प्रोग्राम का आयोजन करेगी। 12 जून को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय आरोड़ा कई प्रोग्रामों का शुभारंभ करेंगे। इन प्रोग्रामों में सोशल मीडिया पर अभियान की शुरूआत की जाएगी। विज्ञापनों के द्वारा लोगों को जागरूक करने की कोशिश रहेगी। जनसंपर्क अभियान और दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हॉट स्पॉट पर जनसंपर्क और नुक्कड़ नाटक, दिल्ली पुलिस बैंड का प्रदर्शन, जन संपर्क वाहन और कई अन्य माध्यम से लघु फिल्में दिखाना, ब्रह्मकुमारी संगठन द्वारा हर जिले के स्टेडियम में प्रोग्राम करना जैसे कार्यक्रम किये जाएंगे। इसके अलावा कॉलर और अन्य ऐप्स के माध्यम से मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट संदेश, मेट्रो/रेल/डीटीसी बसों/हवाई अड्डे के माध्यम से ऑनलाइन अभियान भी चलाया जाएगा।



नवोदय टाइम्स Sat, 10 June 2023
https://epaper.navodayatimes.in/c/72644113